Pegasus
partners in health
kia atawhai ki te tangata

न्यूज़ीलैंड की स्वास्थ्यचर्या प्रणाली

Hindi

न्यूजीलैंड की स्वास्थ्यचर्या प्रणाली

स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) 20 जिलों के स्वास्थ्य बोर्डों (डीएचबी) की निगरानी और उनका वित्तपोषण करता है। डीएचबी अपने जिले में स्वास्थचर्या को संगठित करता है, इसलिए यह स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानदडों को पूरा करता है।

न्यूजीलैंड में बहुत सी स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त या आर्थिक सहायता प्राप्त हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्यचर्या का पात्र होने के लिए आपको न्यूजीलैंड का नागरिक, न्यूजीलैंड का स्थायी निवासी, दो साल का कार्य वीजा धारक, कोटा शरणार्थी होना चाहिए। अनिवासियों को अस्पताल की कुछ सेवाओं के लिए भुगतान करना पड़ सकता है, लेकिन अगर आप भुगतान नहीं कर सकते तो आपको आपातकालीन देखभाल किये जाने से इन्कार नहीं किया जाएगा।

न्यूजीलैंड की स्वास्थ्य प्रणाली को दो भागों में माना जा सकता है - प्राथमिक और द्वितीयक स्वास्थ्यचर्या।

प्राथमिक स्वास्थ्यचर्या में फैमिली डॉक्टर, विशेषज्ञ (जो कि अस्पताल के परिवेश के भीतर भी काम करते हैं), दंत रोग विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट, फिजियोथेरपी, पैरों का विशेषज्ञ, परामर्श और संबंधित सेवाएं शामिल हैं। द्वितीयक स्वास्थ्यचर्या वह है जो कि अस्पताल की प्रणाली के भीतर पायी जाती है - सार्वजनिक या निजी।

अगर आप नि:शुल्क स्वास्थ्यचर्या के लिए पात्र हैं, तो आप इस देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली से निम्नलिखित की अपेक्षा कर सकते हैं : :

- सार्वजनिक अस्पताल में मुफ्त उपचार
- सार्वजनिक अस्पताल के चौबीसों घंटे के दुर्घटना एवं आपाताकालीन विभाग में मुफ्त उपचार
- नुस्खा हासिल करने की घटी हुई फीस
- जनरल प्रैक्टिसनर्स (जीपी) को दिखाने जाने के लिए घटी हुई फीस। अधिकतम छूट पाने के लिए आपको जनरल प्रैक्टिस के साथ नामांकित होने की जरूरत पड़ेगी
- दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर जीपी द्वारा रेफर किये जाने पर फिजियोथेरेपिस्ट, काइरिप्रैक्टिक चिकित्सक और अस्थि-चिकित्सा विशेषज्ञ जैसे विशेषज्ञों के लिए घटी हुई फीस
- अगर आपकी चिकित्सकीय अवस्था घातक या चिरकालिक है तो स्वास्थ्यचर्या के लिए नि:शुल्क या घटी हुई लागत
- निजी तौर पर संचालित क्लीनिकों को छोड़कर प्रयोशाला के अधिकतर परीक्षणों और एक्सरे के लिए कोई शुल्क नहीं। (लेकिन, रोजगार और चिकित्सकीय प्रशिक्षण परीक्षाओं के लिए प्रयोगशाला की जांचें या एक्सरे नि:शुल्क नहीं हैं, फिर चाहे आप नि:शुल्क सार्वजनिक स्वास्थ्यचर्या के लिए पात्र क्यों न हों)
- गर्भावस्था और प्रसव के दौरान स्वास्थ्यचर्या के लिए कोई शुल्क नहीं, बशर्ते कि यह निजी चिकित्सा क्षेत्र द्वारा न मुहैया करायी गयी हो
- शुरुआती परामर्श शुल्क को छोड़कर उपचार के लिए सार्वजनिक अस्पताल का रेफर किये जाने पर जीपी के लिए कोई शुल्क नहीं
- डॉक्टर को दिखाने जाने और डॉक्टरी नुस्खा पाने के लिए छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए घटी हुई या कोई भी फीस नहीं। छोटे बच्चों के लिए डॉक्टर को दिखाने जाने पर अधिकतर विजिट या नुस्खे पर लिखी गयी दवाएं आपके लिए नि:शुल्क हैं
- 45 और 69 वर्ष के बीच की महिलाओं के लिए स्तन की नि:शुल्क जांच।
- जहां कहीं भी प्रयोज्य है वहां पर ग्रीवा की नि:शुल्क जांच

पात्रता के मानदंड को स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए क्लिक करें : http://www.health.govt.nz/ पर “Guide to eligibility for publicly funded health services” को क्लिक करें।

अधिकतर प्राथमिक देखभाल सेवाओं के लिए आपको फीस अदा करनी होगी। लेकिन, अगर आप नामांकित मरीज हैं तो आपके फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स के साथ परामर्श आर्थिक सहायता प्राप्त होगा। आमतौर पर, आप परामर्श के कुल खर्च का लगभग 50 प्रतिशत ही भुगतान करने की अपेक्षा करेंगे। छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सभी नामांकित बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं और नुस्खे पर दी जाने वाली दवाएं नि:शुल्क हैं।

अगर आप पात्र हैं तो न्यूज़ीलैंड की सार्वजनिक अस्पताल प्रणाली में उपचार मुफ्त है। सार्वजनिक अस्पताल में भर्ती होने के लिए यह जरूरी है कि आपको कोई विशेषज्ञ रेफर करे। अगर आपको फौरन चिकित्सा सहायता की जरूरत है तो फैमिली डॉक्टर (जो कि जनरल प्रैक्टिसनर या (जीपी) के नाम से जाना जाता है) आपको अस्पताल के लिए रेफर कर सकता है। आप निजी अस्पताल का चुनाव अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए कर सकते हैं, बशर्ते कि आप घातक बीमारी के लिए या दुर्घटना के फलस्वरूप भर्ती न हुए हों। लेकिन, इसके लिए सभी सेवाओं का भुगतान करना होगा। निजी अस्पताल की सेवाओं को प्राप्त करने के लिए चिकित्सा बीमा काफी मददगार हो सकता है।

ऐसी कुछ मांएं जो कि अपने स्वयं के अधिकार से सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य एवं अपंगता सेवाओं के लिए पात्र नहीं हैं, उस दशा में फिर भी वित्तपोषित मातृक देखभाल के लिए पात्र हो सकती हैं , जबकि उनका जीवन-साथी पात्र हो। और अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर पात्रता मानदंड को देखें : http://www.health.govt.nz/

Guide to eligibility for publicly funded health services

सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पात्रता गाइड

छह वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चे, फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनकी नागरिकता या अप्रवासन की स्थिति क्या है, प्रतिरक्षण कार्यक्रम और वेलचाइल्ड सेवाओं पर सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित टीकाकरण के लिए पात्र हैं।

सरकार इस बात की पुरजोर अनुशंसा करती है कि न्यूज़ीलैंड के वे लोग जो कि सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पात्र नहीं हैं, स्वास्थ्य बीमा समेत यात्रा का पूरा बीमा करवायें।

फैमिली डॉक्टर (जीपी) का चुनाव करना

फैमिली डॉक्टर या 'जीपी' प्राथमिक स्वास्थ्य द का हिस्सा है जो कि न्यूज़ीलैंड की स्वास्थ्य प्रणाली से संपर्क का आपका पहला बिंदु है। इस दल में आमतौर पर आपका जीपी, प्रैक्टिस नर्स और फार्मासिस्ट शामिल होता है। आप अपने नये गृह नगर या शहर में आते ही जीपी के पास पंजीकरण जरूर करायें। अधिकतर जीपी मेडिकल सेंटर के भीतर प्रैक्टिस करते हैं।

इसके अलावा आप मेडिकल काउंसिल की वेबसाइट पर पंजीकरण को खोज सकते हैं। आप 'रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स एंड मेडिकल सेंटर' के नीचे सफेद पन्नों के सामने वाले खंड पर नजर दौड़ाकर अथवा वेबहेल्थ वेबसाइट http://www.webhealth.co.nz/home/ पर मेडिकल सेंटर का पता लगा सकते हैं। अपने घर या कार्यस्थल के करीब की प्रैक्टिस को चुनें - जो भी आपको सर्वश्रेष्ठ जान पड़े। मेडिकल केंद्रों के स्टाफ में डॉक्टर, प्रैक्टिस नर्स और प्रशासनिक स्टाफ होता है। कुछ में फार्मासिस्ट और दूसरी स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं का स्टाफ भी होता है।

आपके स्वास्थ्य की देखभाल में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

मेरे डॉक्टर के पास पंजीकरण कराने पर क्या होता है?

अगर आप जीपी के पास नामांकित नहीं हैं तो आपसे काफी अधिक परामर्श शुल्क लिया जाएगा। मेडिकल सेंटर के भीतर डॉक्टर के पास पंजीकरण कराना नि:शुल्क और आसान है। लेकिन, पंजीकरण नामांकन नहीं है। आप केवल जीपी के पास ही नामांकन करा सकते हैं बशर्ते कि आप ऐसा करने के लिए पात्र हों। यह आप पर निर्भर करता है कि आप पुरुष डॉक्टर के पास पंजीकरण या नामांकन कराएंगे अथवा महिला डॉक्टर के पास। डॉक्टर की रिसेप्शनिस्ट आपसे आमतौर पर अपने नाम और संपर्क के ब्यौरे के साथ एक फार्म को भरने के लिए कहेगी - साथ में अपना पासपोर्ट और वीजा लाना नहीं भूलें। इसके अलावा आपसे अपने चिकित्सा ब्यौरे के बारे में भी पूछा जाएगा। हालांकि आपको अपने जीपी को बदलने का अधिकार है लेकिन इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि नये मेडिकल सेंटर में आर्थिक सहायता तीन महीनों तक नहीं भी मिल सकती। इस तरह से आपको पूरा भुगतान करना होगा और कोई आर्थिक नहीं मिलेगी। नामांकित मरीजों के लिए अनुदानों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है। एक बार जब आप अपने द्वारा चुने गये मेडिकल सेंटर पर नामांकन फार्म को भर देते हैं तो आप इन आर्थिक सहायताओं के लिए पात्र हो जाते हैं।

मेडिकल सेंटर के पास नामांकन कराने का विचार अच्छा है ताकि आप देखभाल करने वाली अपनी प्राथमिक टीम के साथ मजबूत, जारी रिश्ते को विकसित कर सकें।

मैं डॉक्टर को दिखाने के लिए मुलाकात का समय कैसे प्राप्त कर सकता हूं?

अगर आप अपने डॉक्टर को दिखाना चाहते हैं तो यह ठीक रहेगा कि आप एक दिन पहले मिलने का समय तय कर लें। हालांकि, अगर आपको फौरन चिकित्सकीय सहायता की जरूरत है तो जीपी आपको सदैव उसी दिन देखेगा। इसके अलावा अगर आप चाहें तो अधिकतर चिकित्सकीय परीक्षणों के लिए मित्र या सहायक को भी ला सकते हैं। सहायता करने वाले व्यक्ति का उपयोग दुभाषिए के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। इस सेवा को सदैव प्रशिक्षित पेशेवर के द्वारा संपन्न कराया जाना चाहिए। इस बारे में हम थोड़ा ठहरकर बात करेंगे।

प्रैक्टिस नर्स स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का उत्कृष्ट स्रोत होती हैं और बहुत सी सेवाएं संपन्न करती है। आप नर्स को दिखाने के लिए मुलाकात का समय पूछ सकते हैं।

हरेक विजिट के लिए भुगतान करना होता है और प्रत्येक मेडिकल सेंटर का खर्च अलग-अलग होता है। डॉक्टर अगर आपके घर पर विजिट करता है या आपातकालीन स्थिति में देखता है तो भी अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। डॉक्टर के पास जाने पर केवल जरूरत होने पर भी नुस्खा प्रदान किया जाएगा और यह डॉक्टर के विवेक पर निर्भर करेगा। सभी बीमारियां संक्रमण के कारण नहीं होती हैं। श्वास संबंधी कुछ संक्रमण विषाणु-जनित होते हैं; एंटीबॉयोटिक से उनका इलाज नहीं हो सकता। अगर आपका जीपी आपको एंटीबॉयोटिक्स नुस्खे पर लिख कर देता है तो यह जरूरी है कि आप सभी दवाओं का सेवन करें। एंटीबॉयोटिक्स और प्रदाहनाशी औषधियां एक ही नहीं होती हैं।

मैं विशेषज्ञ को कैसे दिखा सकता हूं?

आपका जीपी आगे के परीक्षण के लिए आपको चिकित्सा विशेषज्ञ के पास रेफर कर सकता है। स्पेशलिस्ट के पास दिखाने जाने का खर्च अलग-अलग होता है और आमतौर पर यह शुरुआती परामर्श के लिए 150 अमेरिकी डालर से शुरू होता है। अगर आप इस विजिट के लिए भुगतान करते हैं, अथवा अगर आपका चिकित्सा बीमा कंपनी भुगतान करती है तो आपको समुचित रूप से त्वरित सेवा प्राप्त होगी।

अगर आप पात्र हैं तो आपको सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के जरिये विशेषज्ञ के पास रेफर किया जा सकता है। यह नि:शुल्क है, लेकिन आप प्रतीक्षा सूची में डाले जा सकते हैं और मुलाकात का समय पाने के लिए कई महीनों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

निजी स्वास्थ्य बीमा किस प्रकार से काम करता है?

न्यूजीलैंड के कुछ लोग निजी स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान करने का विकल्प चुनते हैं। जहां यह महंगा हो सकता है, वहीं निजी स्वास्थ्य बीमा करवाने का मतलब यह है कि आप प्रतीक्षा सूची में नहीं डाले जाएंगे और आप निजी अस्पताल के विशेषज्ञ से उपचार और देखरेख प्राप्त कर सकते हैं।

निजी चिकित्सा बीमाकर्ता को ढूढ़नें के लिए इंश्योरेंस - मेडिकल इन क्राइस्टचर्च पर जाएं पर
www.yellow.co.nz के नीचे देखें।

ऐसे कुछ बीमा विशेषज्ञ हैं जो कि अंग्रेजी के अतिरिक्त दूसरी भाषाएं बोलते हैं। वे प्राय: प्रजातीय मीडया में विज्ञापन देते हैं।

'एवरीबॉडी' वेबसाइट पर बीमा विज्ञापन के बारे में और अधिक जानकारी दी गयी है :
http://www.everybody.co.nz/page-56d7ef0e-9e87-46ad-9ab9-843e76f8301e.aspx

सामुदायिक सेवा कार्ड (सीएससी)

सामुदायिक सेवा कार्ड 'वर्क एंड इनकम' के नाम से जाने जाने वाले सरकारी विभाग के द्वारा जारी किया जाता है। आप निम्निलिखत दशा में सामुदायिक सेवा कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं जबकि आप :

- 18 वर्ष या उससे अधिक के हों (अथवा पूर्णकालिक तीसरी श्रेणी के अध्ययन में 16-17 वर्ष के हों)
- कमतर से मध्यम आय (धनराशि आपकी पारिवारिक स्थिति पर निर्भर करती है)
- न्यूजीलैंड के नागरिक या स्थायी निवासी।

यह कार्ड आपको घटी हुई दर या बिना किसी शुल्क के निम्नलिखित सेवाओं को हासिल करने में आपकी मदद कर सकता है :

- काम के घंटों के बाद डॉक्टर की विजिट के लिए फीस
- ऐसे डॉक्टर के पास दिखाने के लिए जाना, जो कि आपका नियमित डॉक्टर नहीं है
- 15 वर्ष या इससे कम उम्र के बच्चों के लिए चश्मे और
- अस्पताल या मंजूरी प्राप्त डेंटल कांट्रैक्टर्स के द्वारा मुहैया करायी गयी दांतों की आपातकालीन देखभाल
- जब आपको होम हेल्प के रेफर किया गया हो तो आपके क्षेत्र के बाहर के सार्वजनिक अस्पताल में उपचार के लिए यात्रा एवं आवास
- नुस्खे पर लिखी जाने वाली दवाओं के लिए फीस (जबकि नुस्खे ऐसे प्रदाता के होते हैं जो कि मंत्रालय के बाहर के, डीएचबी अथवा पीएचओ कांट्रैक्ट, अर्थात निजी विशेषज्ञ के होते हैं)।

इस कार्ड के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करने के लिए जाएं :
http://www.workandincome.govt.nz/individuals/a-z-benefits/community-services-card.html
इसका पता लगाने के लिए क्या आप कार्ड के लिए पात्र हैं, इसकी व्यवस्था करने वाली सरकारी एजेंसी वर्क एंड इनकम से www.workandincome.govt.nz ऑनलाइन अथवा इस फोन नंबर 0800 999 999 नि:शुल्क संपर्क करें।

हाई यूजर हेल्थ कार्ड क्या है?

ऐसे लोग जो जारी रहने वाली बीमारी के लिए अपने फैमिली डॉक्टर के पास 12 महीनों की समयावधि में 12 या अधिक बार दिखाने के लिए जाते हैं, हाई यूज हेल्थ कार्ड के लिए पात्र होंगे और इसका मतलब यह है कि वे अपने जनरल प्रैक्टिसनर्स को दिखाने और नुस्खों पर ज्यादा आर्थिक सहायता हासिल करेंगे।

अगर मैं दुर्घटनाग्रस्त हो जाता हूं तो क्या होगा?

अगर आप न्यूजीलैंड के नागरिक, स्थायी निवासी हैं या आपके पास अस्थायी वीजा है और आप दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं या काम पर या घर पर चोटिल हो जाते हैं तो गवर्नमेंट एक्सीडेंट कंपेनसेशन कार्पोरेशन (एसीसी) संभवत: आपको व्यक्तिगत चोट रक्षा बीमा मुहैया कराए। एसीसी सुरक्षा बीमा आपको मुफ्त चिकित्सकीय देखभाल का हकदार नहीं बनाता है। आपको फिर भी घर या काम पर लगी चोट के फलस्वरूप उपचार का कुछ खर्च उठाना पड़ेगा। पात्रता का कुछ मानदंड भी लागू होता है। एसीसी बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारी, तनाव या भावनात्मक समस्याओं, जो कि धीरे-धीरे आती हैं, के लिए सुरक्षा बीमा नहीं प्रदान करता। एसीसी व्यक्तिगत चोट सुरक्षा बीमा के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करने के लिए 0800 101 996 पर नि:शुल्क फोन करें या विजिट करें : www.acc.co.nz

इस बात पर ध्यान दें कि एसीसी न्यूजीलैंड में होने वाली समस्त दुर्घटनाओं के लिए सुरक्षा बीमा प्रदान करता है, फिर आपकी आप्रवासन की स्थिति जाहे जो भी हो।

लैंग्वेज लाइन के जरिये दुभाषिए उपलब्ध हैं।

तय समय के बाद की स्वास्थ्यचर्या

अगर आपको अपने डॉक्टर के कामकाज के सामान्य घंटों (सुबह आठ बजे से लेकर शाम आठ बजे, सोमवार से बुधवार तक) के बाद फौरन चिकित्सा सहायता की जरूरत है तो सबसे पहले अपने जीपी से संपर्क करें।

मेडिकल सेंटर को फोन करें, जहां पर आपको क्या करना है इसके बारे में संदेश सुनाई देगा। अगर आपका जीपी फोन कॉल का उत्तर नहीं दे रहा है तो फोन कॉल को प्रशिक्षित नर्स के पास मोड़ दिया जाएगा, जो कि आपको क्या किया जाना है, इस बारे में सलाह प्रदान करेगी।

हेल्थलाइन एक टेलीफोन सेवा है जिस पर कि आप चौबीसों घंटे फोन कर सकते हैं। पंजीकृत प्रशिक्षित नर्स से मुफ्त में सहायता हासिल करने के लिए टोल-फ्री नंबर 0800 611 116 पर फोन करें। अगर आप अपनी स्वयं की भाषा में किसी से बात करना चाहते हैं तो इसके लिए कहें क्योंकि हॉटलाइन दुभाषिए की सेवाएं भी प्रदान करती है।

अगर आप व्यक्तिगत रूप से काम के घंटों के बाद जीपी को दिखाना चाहते हैं तो आप 24वों घंटों के मेडिकल सेंटर में जा सकते हैं। इन सेवाओं के लिए रोगी से शुल्क लिया जाता है। सार्वजनिक अस्पताल के मुकाबले प्रतीक्षा समय प्राय: काफी कम होता है।

सार्वजनिक अस्पताल के 'आपातकालीन विभाग (ईडी)' में चौबीसों घंटे आपातकालीन सेवा भी उपलब्ध है। इस सेवा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता और मुलाकात के लिए समय लेने की जरूरत नहीं होती। कई बार आपको डॉक्टर को दिखाने के लिए काफी देर प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। अगर आप दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं या आपकी बीमारी गंभीर किस्म की है तो आपको ईडी के पास जाना चाहिए।

निजी एंबुलेंस सेवा किस प्रकार से काम करती है?

सेंट जॉन न्यूजीलैंड की अधिकतर आबादी के लिए एंबुलेंस सेवाएं मुहैया कराती है।

एंबुलेंस को बुलाने के लिए आपातकालीन फोन नंबर 111 पर फोन करें।

जहां एंबुलेंस सेवाओं को नि:शुल्क के रूप में लिया जा सकता है वहीं दुर्घटना से नहीं जुड़ी सेवा के लिए आपको इनवाइस भेजी जाएगी। चूंकि सेंट जॉन धर्मादा संगठन है इसलिए इनवाइस 80 यूएसडी की न्यूनतम धनराशि के लिए है और इसे चंदे के रूप में देखा जाना चाहिए।

एंबुलेंस अधिकारी उन लोगों की हालत को स्थिर बनाने में मदद करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं, जो दुर्घटनाग्रस्त या बीमार पड़ जाते हैं। इसके अलावा वे निम्नलिखित काम भी करते हैं :

- दाखिले और बाह्यरोगी उपचार के लिए रोगियों को अस्पताल लेकर जाते हैं
- अस्पतालों के बीच या अस्पताल से घर को ले जाते हैं
- आपातकालीन स्थितियों में चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने में पुलिस और अग्निशमन सेवाओं के साथ-साथ काम करते हैं
- हवाई एंबुलेंस उड़ानों और कनेक्शनों की व्यवस्था करना और स्टाफ भिजवाना
- व्यक्गित चिकित्सकीय खतरे की निगरानी करना

मैं दांतों के **स्वास्थ्य की देखभाल कैसे** प्राप्त **कर सकता हूं?**

पात्र बच्चों के लिए दांतों की मूलभूत देखभाल जन्म से लेकर उसके 18 वर्ष तक का होने पर मुफ्त है। इसके बाद आपको दांतों की देखभाल के लिए भुगतान करना ही होगा। अधिकतर लोग दंत चिकित्सा सेवाओं के लिए निजी डॉक्टरों के पास पंजीकृत होते हैं और इसके लिए भुगतान करते हैं।

दंतरोग विशेषज्ञ - जैसे कि जीपी - नुस्खे पर दवाइयां लिख सकते हैं बशर्ते कि वे आपके उपचार के अंग के रूप में जरूरी हों। इन नुस्खों को आपकी स्थानीय फार्मेसी में भरा जा सकता है।

दंत रोग विशेषज्ञों को आमतौर पर कोई सरकारी सहायता हासिल नहीं होती और उनकी फीस-अलग होती है। वे प्राय: जनरल प्रैक्टिसनर्स से अधिक फीस लेते हैं।

आप पीले पन्नों पर ऑनलाइन दंतरोग विशेषज्ञों की सूची हासिल कर सकते हैं या अपने क्षेत्र में डेंटल कौंसिल आफ न्यूजीलैंड वेबसाइट पर किसी दंतरोग विशेषज्ञ को तलाशें। अपने क्षेत्र में डेंटल सर्जरी का पता लगाने के लिए निम्नलिखित वेबसाइट पर जायें : http://www.dentalcouncil.org.nz/

मैं फार्मेसी को कैसे हासिल कर सकता हूं?

अगर आपकी चिकित्सा अवस्था के लिए उपचार की जरूरत है तो आपका डॉक्टर आपको नुस्खा लिखकर देगा। (न्यूजीलैंड में नुस्खे पर दी जाने वाली दवाओं को नुस्खे के बिना नहीं खरीदा जा सकता।) आपको फार्मेसी पर नुस्खा लाना होगा।

एक बार जब आपने अपना नुस्खा स्टाफ सदस्य को दे दिया तो आपको बताया जाएगा कि नुस्खे को तैयार होने में कितना वक्त लगेगा। (फार्मासिस्ट कितना व्यस्त है इसके आधार पर इसमें 20 मिनट तक का समय लग सकता है।) आपके दवा को हासिल करने से पहले फार्मासिस्ट - स्टाफ सदस्य - आपके नाम और पते की जांच करेगा। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सही व्यक्ति दवा ले रहा है। परिवार के सदस्य भी आपकी नुस्खे वाली दवाइयों को ले जा सकते हैं। आपके नुस्खे पर लिखे गये प्रत्येक आइटम के लिए उन लोगों को पांच डालर का शुल्क अदा करना होगा, जो कि पात्र हैं। अधिकतर नुस्खे सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित होत हैं, लेकिन कुछ के लिए रोगी से ज्यादा शुल्क लिया जाता है। ऐसा इसलिए है कि वह विशेष दवा पूरी तरह से वित्तपोषित नहीं है। यह शुल्क पांच डालर की निर्धारित फीस के अतिरिक्त होगा। अगर आपके नुस्खे को दोहराया जाता है (प्राय: दीर्घावधि की दशाओं के लिए) तो आपको हर बार जब आप दूसरे नुस्खे के लिए आते हैं, पांच डालर अदा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ विशेषज्ञों के नुस्खे ज्यादा मंहगे भी हो सकते हैं। दोहराये गये नुस्खों को लेबल पर लिखी गयी समाप्ति अवधि से पहले - जो कि प्राय: तीन महीने की होती है, उसी फार्मेसी से लेना होगा। अगर आप यात्रा या चल-फिर सकने में असमर्थ होने के कारण दोबारा दवाई लेने के लिए नहीं आ सकते तो आप एक बार ही आपनी सभी दवाओं को देने के लिए कह सकते हैं। कृपया यह बात सुनिश्चित कर लें कि जब आप अपनी नुस्खे पर ली गयी दवाओं को लेकर जाते हैं तो आप इस बात को पूरी तरह से समझते हैं कि उन्हें किस प्रकार से लिया जाना चाहिए। अगर आपको कोई संदेह है तो फार्मेसी स्टाफ से समझाने के लिए कहें। अगर आपको अपनी औषधि को लेकर और कोई चिंता है तो आपकी प्राथमिक देखभाल टीम मेडिकेशन मैनेजमेंट सर्विस से नि:शुल्क होम विजिट की व्यवस्था कर सकती है। इस सचल सेवा में फार्मासिस्टों का ऐसा स्टाफ होता है जो कि इस बारे में सलाह देने और शिक्षित करने में समर्थ होता है कि आपको अपनी दवाई किस प्रकार से लेनी चाहिए। इसके अलावा दुभाषिए भी उपलब्ध हैं।

न्यूजीलैंड में औषधीय व्यवस्था के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करने के लिए निम्नलिखत वेबसाइटों पर जायें :

http://www.pharmac.govt.nz/charges

http://www.pharmac.govt.nz/patients

अगर आपको या आपके परिवार को बहुत से नुस्खों के लिए भुगतान करना होता है तो तो आप फार्मास्यूटिकल सब्सिडी कार्ड के लिए पात्र हो सकते हैं। आप अपनी स्थानीय फार्मेसी से इस कार्ड को हासिल कर सकते हैं। फार्मासिस्ट इसके अलावा बिना नुस्खे के दिये जाने वाले तरह-तरह के उत्पादों को भी बेचते हैं, जिन्हें कि आप नुस्खे के बगैर खरीद सकते हैं। ये वे उत्पाद हैं जिनका उपयोग तरह-तरह की चिकित्सकीय दशाओं जैसे कि जुकाम-बुखार, दर्द से राहत और बाहरी क्रीम एवं मलहम के लिए किया जाता है। अपनी फार्मेसी के स्टाफ की सलाह लें।

अगर आपकी अपने या अपने परिवार के स्वास्थ्य को लेकर कोई चिंता है तो भी फार्मेसी स्टाफ सलाह दे सकता है।

अगर आपको शॉपिंग के सामान्य घंटों के बाद दवा की तुरंत आवश्यकता है तो आप अर्जेंट फार्मेसी पर जा सकते हैं। ये रात्रि दस या 11 बजे तक खुली रहती हैं। आप इन्हें सफेद पन्नों के सामने 'हास्पिटल एंड अदर हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर' खंड में अर्जेंट फार्मेसीज के नीचे ढूंढ़ सकते हैं।

मैं दुभाषिए तक कैसे पहुंच सकता हूं?

अगर आपको दुभाषिए की जरूरत है ताकि आप अपने जीपी को अपनी स्वयं की भाषा में भलीभांति समझ सकें, तो यह आपका कानूनी अधिकार है कि आपको दुभाषिया उलब्ध कराया जाए। यह सेवा समस्त नामांकित मरीजों के लिए नि:शुल्क है। जब आप डॉक्टर को दिखाने जाने के लिए समय मांगते हैं तो दुभाषिए के लिए कहिए - कम से कम 24 घंटे पहले। दुभाषिए के रूप में बच्चों या परिजनों का प्रयोग नहीं कीजिए। वे हेल्थ पेशेवर नहीं हैं और आपके जीपी की सलाह और निर्देशों को लेकर आसानी से गलती कर सकते हैं।

मैं अपने **स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में कैसे शिकायत कर सकता हूं?**
स्वास्थ्य या अपंगता सेवा का उपयोग करने वाला हरेक व्यक्ति अधिकार संहिता के द्वारा रक्षित है। न्यूज़ीलैंड के कानून के तहत एक स्वतंत्र आयोग इन अधिकारों को बढ़ावा देता है और उनकी रक्षा करता है। इन अधिकारों को आप अपनी भाषा में देख सकते हैं : http://www.hdc.org.nz/
मैं किस प्रकार से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श तथा अधिक जानकारी हासिल कर सकता हूं?

आपके जीपी, डेंटल या विशेषज्ञ के पास आपकी विजिट के बाद आपको आपकी दशा का नाम और उस पर लिखे गये वेब पते के साथ एक कार्ड दिया जा सकता है। इस पते पर जायें, अपनी दशा का नाम टाइप करें और यह आपको ऐसे पेज पर ले जाएगी, जो कि स्पष्ट रूप से आपकी स्थिति को बताता है। आपकी भाषा में और अधिक पन्नों का अनुवाद किया जा रहा है : http://www.healthinfo.org.nz/
स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श के लिए आप हॉटलाइन 0800 611 116 पर नि:शुल्क फोन कर सकते हैं।

स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और न्यूज़ीलैंड के जीवन के बहुत से पहलुओं के बारे में अन्य जानकारी 166 सेंटर असाफ, क्राइस्टचर्च पर क्राइस्टचर्च माइग्रैंट्स सेंटर की वेबसाइट से हासिल की जा सकती है :
http://www.migranthub.org.nz/
इसके अलावा आप दूसरी भाषाओं में स्वास्थ्य से जुड़े मामलों के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं :
www.healthed.govt.nz

Pegasus
partners in health
kia atawhai ki te tangata

©Pegasus Health (Charitable) Ltd, PO Box 741, Christchurch – HI001

Printed 1st May 2014